फिर क्या हुआ

कक्षा - आठवीं

विषय – हिंदी
पाठ : ४
पाठ का नाम : फिर क्या हुआ
PPT-3

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

"फिर क्या हुआ?"

"फिर दूसरा पक्षी आया। उसने भी बहुत कोशिश की, पर छेद छोटा था।"

"फिर क्या हुआ?"

"फिर काफ़ी माथा-पच्ची करने के बाद आखिर वह भी दाना लेने में सफल हो गया।"

"फिर क्या हुआ?"



"फ़िर तीसरा पक्षी आया। वह भी छेद में चोंच घुसाने की कोशिश करने लगा।"

"बीरबल! आखिर कितने पक्षी आएँगे दाना लेने?"

"महाराज! अभी तो तीन ही आए हैं। कुल मिलाकर पाँच सौ पच्चीस पक्षी पेड़ पर बैठे हैं।"

"आखिर ये दाना लेना कब छोड़ेंगे?"

"जब आप 'फिर क्या हुआ' कहना छोड़ेंगे।"

अब महाराज को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने कहानी सुनना छोड़ दिया। अब उन्हें नींद आने लगी।

शब्दार्थ –
माथा-पच्ची = कोशिश ।
अहसास = महसूस होना ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

संबंधित प्रश्न-

१. अकबर के अनुसार कितने पक्षी पेड़ पर बैठे थे ?
२. अंत में महाराज को क्या अहसास हुआ और कैसे ?
३. पाठ से क्या सीख मिली ? अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

प्रश्नोत्तर –
मौखिक
2. कम - से - कम शब्दों में उत्तर दीजिए -

(क) किस कारण अकबर रात - रात भर जागते रहते ?

उत्तर = बीमारी के कारण अकबर रात - रात भर जागते रहते ।

(ख) अकबर ने क्या निश्चय किया ?

उत्तर = अकबर रोज़ रात को एक कहानी सुनने का निश्चय किया ।

(ग) दरबारी परेशान क्यों रहने लगे ?

उत्तर = अकबर के बार - बार पूछने पर 'फिर क्या हुआ' सुनकर दरबारी परेशान रहने लगे ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

(घ) अगली रात अकबर को कहानी सुनाने कौन पहुँचा ?

उत्तर =अगली रात अकबर को कहानी सुनाने बीरबल पहुँचा ।

(ङ) पाठ के आधार पर बताइए कि कितने पक्षी पेड़ पर बैठे हैं ?

उत्तर = पाँच सौ पच्चीस पक्षी पेड़ पर बैठे हैं।

लिखित

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

(क) महाराज अकबर को क्या हुआ था ?

उत्तर = महाराज अकबर को बीमारी के कारण रात को नींद नहीं आती थी ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

(ख) महाराज अकबर को किस चीज़ का शौक था ?

उत्तर महाराज अकबर को कहानी सुनने का शौक था ।

(ग) कहानी के अंत में महाराज क्या पूछते हैं?

उत्तर = कहानी के अंत में महाराज हमेशा पूछते थे कि ' फिर क्या हुआ?'

(घ) किसान किस बात से परेशान था ?

उत्तर = किसान इस बात से परेशान था कि अक्सर पक्षी उसकी फ़सल खराब कर जाते थे ।

(ङ) अंत में महाराज ने क्या किया ?

उत्तर = अंत में महाराज को अपनी गलती का अहसास हो गया और उन्होंने कहानी सुनना छोड़ दिया ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow